# A

**21713** **120 MINUTES**

1. "उत्तर अपभ्रंश ही पुरानी हिन्दी है", ऐसी स्पष्ट घोषणा करनेवाले पहले विद्वान हैं।
   - A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
   - B) रामचंद्र शुक्ल
   - C) रामकुमार वर्मा
   - D) राहुल सांकृत्यायन

2. गद्य पद्य मिश्रित चंपू काव्य की प्राचीनतम हिन्दी कृति कौन -सी है?
   - A) वर्णनात्कर
   - B) उक्ति -व्यक्ति प्रकरण
   - C) खालिकबारी
   - D) राउलवेल

3. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम
   - A) वीणा, झरना, परिमल, आँसू, अनामिका, गुंजन
   - B) झरना, अनामिका, आँसू, वीणा, परिमल, गुंजन
   - C) वीणा, परिमल, आँसू, झरना, गुंजन, अनामिका
   - D) परिमल, वीणा, झरना, आँसू, अनामिका, गुंजन

4. निम्नलिखित काव्य संकलनों को उनके रचयिताओं से सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

| | |
|---|---|
| a आखिर ऐसा क्या कह दिया मैंने | 1. नागार्जुन |
| b आमने सामने | 2. राजेश जोशी |
| c रात अबभी | 3. कुंवर नारायण |
| d एक दिन बोलेंगे पेड | 4. लीलाधर जगूड़ी |

   - A) a-3, b-4, c-2, d-1
   - B) a-2, b-1, c-3, d-4
   - C) a-1, b-3, c-4, d-2
   - D) a-2, b-3, c-1, d-4

5. निम्न में से कौन, 'चौथा सप्तक' के कवि नही हैं?
   - A) अवधेश कुमार
   - B) विजयदेव नारायण साही
   - C) नंद किशोर आचार्य
   - D) सुमन राजे

6. ग्यारह कवियों की कविताओं का संकलन 'निषेध' का संपादन किसने किया?
   - A) जगदीश चतुर्वेदी
   - B) डॉ. देवराज
   - C) श्रीकांत वर्मा
   - D) जगदीश गुप्त

7. 'चौथा सप्तक' में सम्मेलित कवयित्री

A) इन्दु जैन B) सुनीता जैन
C) सुमन राजे D) कीर्ति चौधरी

8. निम्न कहानी संकलनों को उनके रचयिताओं से सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

| | |
|---|---|
| a बोलनेवाली औरत | 1. नासिरा शर्मा |
| b गलत लोगों के बीच | 2. नमिता सिंह |
| c इब्ने मरियम | 3. चन्द्रकान्ता |
| d जंगल गाथा | 4. ममता कालिया |

A) a-2, b-3, c-4, d-1
B) a-2, b-4, c-1, d-3
C) a-4, b-3, c-1, d-2
D) a-1, b-4, c-2, d-3

9. 'समकालीन कविता का व्याकरण' किसकी आलोचनात्मक कृति है?

A) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी B) अशोक वाजपेयी
C) कृष्ण दत्त पालीवाल D) परमानंद श्रीवास्तव

10. सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए

| | |
|---|---|
| a जो मैंने जिया | 1) राजेन्द्र यादव |
| b आज के अतीत | 2) कमलेश्वर |
| c जो कहा नहीं गया | 3) भीष्म साहनी |
| d मुड़-मुड़ के देखता हूँ | 4) कुसुम अंसल |

A) a-4, b-1, c-2, d-3
B) a-2, b-3, c-4, d-1
C) a-3, b-2, c-1, d-4
D) a-1, b-4, c-3, d-2

11. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने भक्तिकाल का निर्धारण कहाँ से कहाँ तक किया?

A) 1350 -1850 ई B) 1318-1643 ई
C) 1425-1640 ई D) 1340-1540 ई

12. हिन्दी के पहले पत्र "उदंत मार्तण्ड" का प्रकाशन कब हुआ?

A) 1840 B) 1820 C) 1826 D) 1834

13. निम्न काव्य पंक्तियों को रचनाओं के साथ समेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

a हम कौन थे क्या हो गए और क्या होंगे अभी
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी — 1) बादल राग

b छूने में हिचक, देखने में पलकें आँखों पर झुकती हैं।
कलरव परिहास भरी गूँजें अधरों तक
सहसा रुकती हैं — 2) मैं नीर भरी दुःख की बदली

c जीर्ण बाहू, है शीर्ण शरीर
तुझे बुलाता कृषक अधीर
ऐ विप्लव के वीर! — 3) भारत भारती

d विस्तृत नभ का कोई कोना
मेरा न कभी अपना होना — 4) कामायनी

A) a-4, b-3, c-2, d-1 B) a-2, b-4, c-3, d-1
C) a-3, b-4, c-1, d-2 D) a-4 b-3, c-1, d-2

14. पाश्चात्य काव्य शास्त्र में प्रथम कलावादी समीक्षक किसको माना जाता है?
A) प्लेटो B) अरस्तू
C) फ्रांसिस बेकन D) लोंजाइनस

15. 'Essay on dramatic poetry' किसकी रचना है
A) लॉजाइनस B) वर्ड्सवर्थ C) ड्राइडन D) कॉलरिज

16. 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' किसकी रचना है?
A) वर्ड्सवर्थ B) ड्राइडन C) मैथ्यू आर्नल्ड D) कॉलरिज

17. "मैं राजनीति में राजतंत्रवादी, धर्म में एंग्लो कैथोलिक और साहित्य में क्लासिकवादी हूँ।" यह किसकी उक्ति है?
A) ड्राइडन की B) वर्ड्सवर्थ की
C) कीट्स की D) टी.एस. इलियट की

18. "भावकत्वं साधारणीकरणं' यह किसकी उक्ति है?
A) मम्मट B) भट्टनायक C) भट्टलोल्लट D) अभिनवगुप्त

19. सही कथन का चयन कीजिए
स्थापना (A): हिन्दी में रीति शब्द का प्रयोग काव्यांग निरुपण के अर्थ में हुआ है।
तर्क (R) : सूरदास की 'साहित्य लहरी', नन्ददास की 'रस मंजरी' और कृपाराम की 'हिततरंगिनी' में रीति की प्रवृत्ति उपलब्ध है, यद्यपि ये भक्तिकाल में लिखे गए।

A) A सही R गलत
B) A गलत R सही
C) A और R दोनों सही
D) A सही R आंशिक सही

20. "परमात्मा की छाया आत्मा में, आत्मा की छाया परमात्मा में पड़ने लगती है, तभी छायावाद की सृष्टि होती है।" यह किसकी उक्ति है?

A) नगेन्द्र
B) जयशंकर प्रसाद
C) डॉ रामकुमार वर्मा
D) डॉ रामविलास शर्मा

21. 'जुही की कली' कविता को महावीर प्रसाद द्विवेदी ने क्या आरोप लगाकर प्रकाशित करने से इन्कार कर दिया?

A) इसमें प्रकृति पर मानवीय चेतना का आरोप है।
B) यह छंदबद्ध नहीं है
C) इसमें अश्लीलता है
D) इसमें लाक्षणिक पदावली है

22. इनमें किनको ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला है?

A) अज्ञेय,
B) दिनकर
C) नरेश मेहता
D) केदारनाथ अग्रवाल

23. हिन्दी का कौन-सा कवि मैथिली में 'यात्री' नाम से लिखता था?

A) त्रिलोचन
B) नागार्जुन
C) धूमिल
D) अज्ञेय

24. 'क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो"। यह पंक्ति किस काव्य से हैं?

A) कुरुक्षेत्र
B) हूँकार
C) रेणुका
D) उर्वशी

25. इनमें लीलाधर जगूडी की कृति कौन सी है?

A) नाटक जारी है
B) माया दर्पण
C) मृग और तृष्णा
D) मछली घऱ

26. निम्न कृतियों को कृतिकारों से सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए

| | |
|---|---|
| a आधा गाँव | 1) नागार्जुन |
| b अलग-अलग वैतरणी | 2) राही मासूम रज़ा |
| c पानी के प्राचीर | 3) शिव प्रसाद सिंह |
| d रतिनाथ की चाची | 4) रामदरश मिश्र |

A) a-4, b-2, c-1, d-3 B) a-2, b-4, c-1, d-3
C) a-2, b-3, c-4, d-1 D) a-2, b-4, c-3, d-1

27. "पुरुष में नारी के गुण आ जाते हैं तो वह महात्मा बन जाता है। नारी में पुरुष, के गुण आ जाते हैं तो वह कुल्टा हो जाती है"। यह किस रचना से हैं?
A) निर्मला B) गोदान C) सेवासदन D) आधा गाँव

28. निम्न रचनाओं को कालक्रमानुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करें
A) चंद्रकांता, गोदान, कंकाल , सूरज का सातवाँ घोडा
B) कंकाल, चंद्रकान्ता, सूरज का सातवाँ घोडा, गोदान
C) चंद्रकांता, कंकाल, गोदान, सूरज का सातवाँ घोडा
D) चंद्रकांता, कंकाल, सूरज का सातवाँ घोड़ा, गोदान

29. "नई कहानी का सबसे बड़ा वैशिष्ट्य है कथा तत्व का ह्रास। नया कहानीकार कथानक को महत्व नहीं देता।" यह कथन किसका है?
A) कमलेश्वर B) डॉ. गणपति चंद्र गुप्त
C) डॉ. नामवर सिंह D) मार्कण्डेय

30. सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

| | |
|---|---|
| a सचेतन कहानी | 1) कमलेश्वर |
| b सक्रिय कहानी | 2) महीप सिंह |
| c समांतर कहानी | 3) गंगाप्रसाद विमल |
| d अकहानी | 4) राकेश वत्स |

A) a-3, b-1, c-2, d-4 B) a-2, b-4, c-1, d-3
C) a-4, b-3, c-1, d-2 D) a-4, b-3, c-2, d-1

31. निम्नलिखित पात्र किन कहानियों में है उन्हें सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| a | पूस की रात | 1) चौधरी पीरबख्श |
| b | उसने कहा था | 2) बुधिया |
| c | परदा | 3) सुमी |
| d | तलाश | 4) लहनासिंह |

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-4, b-3, c-2, d-1
C) a-2, b-4, c-1, d-3 D) a-2, b-4, c-3, d-1

32. राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ?
A) 1954 ई B) 1952 ई C) 1960 ई D) 1955 ई

33. इनमें से कौन सा मेल उचित नहीं है?
A) व्रजभाषा- खडीबोली B) अवधी - बधेली
C) मारवाड़ी -छत्तीसगढ़ी D) भोजपुरी -मैथिली

34. निम्न भाषाओं में से संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित न होनेवाली भाषा-
A) बोड़ो B) गारो C) डोगरी D) संथाली

35. सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| a | पश्चिमी हिन्दी | 1) बघेली |
| b | पूर्वी हिन्दी | 2) बाँगरू |
| c | बिहारी | 3) मेवाती |
| d | राजस्थानी | 4) मगही |

A) a-4, b-3, c-1, d-2 B) a-3, b-1, c-4, d-2
C) a-2, b-1, c-4, d-3 D) a-2, b-3, c-4, d-1

36. चौपाई के हर चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं?
A) 24 B) 28 C) 16 D) 31

37. 'जीवनदायक हैं घन के सम जीवन -जीवन में घनश्याम है' में कौन-सा अलंकार है?
A) लाटानुप्रास B) अभंग पद यमक
C) भंग पद यमक D) वक्रोक्ति

38 ‘ऋ’ कौन-सी ध्वनि है?

A) दन्त्य B) मूर्धन्य C) कंठ्य D) तालव्य

39. वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हूई?

A) 1961 B) 1965 C) 1968 D) 1963

40. सही कथन का चयन कीजिए

स्थापना (A): छायावाद के मूल में पाश्चात्य रहस्यवादी भावना थी जिसकी प्रेरणा इन कवियों को अंग्रेज़ी की रोमान्टिक भावधारा की कविता से प्राप्त हुई।

तर्क (R): सभी छायावादी कवियों की एक विशेषता रहस्यवाद है, परन्तु रहस्यवाद और छायावाद समानार्थी नहीं कहे जा सकते

A) A और R सही B) A आंशिक सही R गलत

C) A सही R गलत D) A और R गलत

41. ‘दूसरों के दिल को दुखाना नहीं चाहिए’। यहाँ ‘दुखाना’ कौन-सा शब्द भेद है?

A) विशेषण B) संज्ञा

C) नामधातु क्रिया D) नामिक क्रिया

42. जब मैं उसके घर गया, वह सो रहा था। इस वाक्य की क्रिया ‘सो रहा था’ का काल है-

A) पूर्ण भूत काल B) अपूर्ण भूतकाल

C) तात्कालिक अपूर्ण भूत D) संभाव्य भूत

43. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ?

A) खरोष्टी B) गुरुमुखी C) ब्राह्मी D) फारसी

44. ‘स्वयंभू’ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विवरण गलत है?

A) स्वयंभू अपभ्रंश भाषा के कवि हैं।

B) ‘पउम चरिऊ’ स्वयंभू की ख्याति प्राप्त कृति है।

C) इनको अपभ्रंश का वाल्मीकि कहा जाता है।

D) वे जैन धर्म के अनुयायी नहीं थे।

45. ‘रुद्र’ संप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?

A) विष्णु स्वामी B) माध्वाचार्य C) रामानुज D) निम्बार्क

46. रामानंद के शिष्य थे-

A) नरहरि, पीपा, रैदास, धन्ना B) नरहरि, नाभादास, रैदास, धन्ना
C) तुलसीदास, पीपा, रैदास, धन्ना D) नरहरि, पीपा, मीरा, धन्ना

47. 'अंगदर्पण' के रचयिता कौन है?
A) तोष B) रसलीन C) मतिरामD) बोधा

48. 'भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य' किस आलोचक की रचना है?
A) नामवर सिंह B) विजयदेव नारायण साही
C) मैनेजर पांडेय D) अजय तिवारी

49. रीतिकालीन कवियों में प्रकृति वर्णन के लिए मशहूर रहे हैं-
A) द्विजदेव B) सेनापति C) चिंतामणि D) बिहारी

50. "दृग उरझत टूटत कुटुम जुरत चतुर चित प्रीति
परति गांठि दुर्जन हिय दई नई यह रीति।।" में प्रयुक्त अलंकार कौन सा है?
A) अतिशयोक्ति B) विभावना C) उत्प्रेक्षा D) अनुप्रास

51. "प्रेम पयोधि पगार" में प्रयुक्त अलंकार कौन सा है?
A) उत्प्रेक्षा B) श्लेष C) रूपक D) उपमा

52. "दस वर्ण की अज्ञात यौवना से लेकर पचास वर्ष की प्रौढ़ा तक सूक्ष्म से सूक्ष्म भेद बतलाकर और उनके हाव-भाव, विलास आदि की दिनचर्या का वर्णन करके ही कविगण संतोष नहीं करते थे।" यह किसका कथन है?
A) बच्चन सिंह B) रामचंद्र शुक्ल
C) मिश्रबंधु D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

53. मिश्रबंधु ने 'हिंदी नवरत्न' में किन रीतिकालीन कवियों को शामिल किया?
A) देव, बिहारी, भूषण-मतिराम, केशवदास
B) देव, बिहारी, भूषण-मतिराम, सेनापति
C) द्विजदेव, बिहारी, भूषण-मतिराम, केशवदास
D) देव, आलम, भूषण-मतिराम, केशवदास

54. 'देव और बिहारी' किसकी आलोचनात्मक रचना है?
A) मिश्रबंधु B) कृष्ण बिहारी मिश्र
C) पद्मसिंह शर्मा D) लाला भगवान 'दीन'

55. 'रीति-काव्य की भूमिका' किसकी रचना है?
A) नगेंद्र B) रामचंद्र शुक्ल
C) रामकुमार वर्मा D) मिश्रबंधु

56. 'ज-गण' में
A) ह्रस्व, दीर्घ, ह्रस्व मात्राएँ रहती हैं।
B) दीर्घ, ह्रस्व,दीर्घ मात्राएं रहती हैं।

C) दीर्घ, ह्रस्व,ह्रस्व मात्राएँ रहती हैं।
D) ह्रस्व, ह्रस्व,ह्रस्व मात्राएँ रहती हैं।

57. तेरह सम विषमेश। दोहा उल्टा.............
A) चौपाई B) उल्लाल C) सोरठा D) रोला

58. दोहे के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है–
A) 24 मात्राएँ होती हैं, समचरण में 11 व विषम चरण में 13 मात्राएं रहती हैं। अंत में गुरु मात्रा होती है तथा प्रारंभ में जगण का प्रयोग नहीं किया जाता है।
B) 24 मात्राएँ होती हैं, समचरण में 11 व विषम चरण में 13 मात्राएं रहती हैं। अंत में गुरु मात्रा नहीं होती है तथा प्रारंभ में जगण का प्रयोग किया जाता है।
C) 24 मात्राएँ होती हैं, समचरण में 11 व विषम चरण में 13 मात्राएं रहती हैं। अंत में दीर्घ मात्रा नहीं होती है तथा प्रारंभ में जगण का प्रयोग नहीं किया जाता है।
D) 26 मात्राएँ होती हैं, समचरण में 13 व विषम चरण में 13 मात्राएं रहती हैं। अंत में दीर्घ मात्रा नहीं होती है तथा प्रारंभ में जगण का प्रयोग नहीं किया जाता है।

59. 'पाश्चात्य साहित्य चिंतन' किसकी रचना है?
A) सत्यदेव मिश्र B) कुसुम बांठिया
C) सुधीश पचौरी D) निर्मला जैन

60. 'त्रासदी गंभीर स्वतःपूर्ण तथा निश्चित आयाम से युक्त व्यापार की अनुकृति का नाम है।' यह किसका कथन है?
A) टी. एस इलियट B) आई ए. रिचाड्र्स
C) बूचर D) इनमें कोई नहीं

61. आधुनिक भाषा विज्ञान के पिता के रूप में किसकी गिनती की जाती है?
A) सोस्यूर B) हॉकेट C) दरिदा D) नॉम चोंस्की

62. 'एडलर' किस ज्ञान शाखा के विद्वान रहे हैं?
A) समाज विज्ञान B) मनोविज्ञान
C) नृविज्ञान D) भाषा विज्ञान

63. 'विक्टर श्कैलोब्स्की' किस वाद विशेष के समर्थक रहे हैं?
A) उदात्तवाद B) संरचनावाद
C) उत्तर संरचनावाद D) रूपवाद

64. निम्नलिखित में उत्तर–संरचनावादी चिंतन पद्धति का अनुसरण करने वाले नहीं हैं–
A) सोस्यूर B) लकान C) दरिदा D) फूको

65. ‘आर्स पोयितिका’ के लेखक कौन हैं?
A) होरेस B) बेन जॉनसन
C) अलक्सैंडर पोप D) कॉलरिज

66. “अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन।” यह किसने कहा?
A) मतिराम (B) देव C) केशवदास D) चिंतामणि

67. “रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम” - यह किसका कथन है?
A) भामह B) रुद्रट C) जगन्नाथ D) मम्मट

68. “अवस्थानुकृतिर्नाव्यिम रूपं दृश्यतयोच्यते” नाटक का यह लक्षण किस रचना से लिया गया है?
A) साहित्य दर्पण B) दशरूपक C) नाव्यशास्त्र D) काव्य प्रकाश

69. बौद्ध साहित्य का लेखन किस भाषा में हुआ है?
A) पाली B) प्राकृत C) पुरानी हिंदी D) अपभ्रंश

70. हिंदी भाषा का संबंध किस भाषा परिवार से रहा है?
A) द्रविड़ परिवार B) भारोपीय परिवार
C) आग्नेय परिवार D) चीनी परिवार

71. ‘वागर्थ’ पत्रिका कहां से निकलती है?
A) दिल्ली B) भोपाल C) कोलकत्ता D) वाराणसी

72. ‘भारतीय भाषा संस्थान’ कहां स्थित है?
A) दिल्ली B) हैदराबाद C) मैसूर D) मुंबई

73. ‘नदी को बहने दो’ किसका काव्य संग्रह है?
A) पी.वी, विजयन B) ए. अरविंदाक्षन
C) रामन नायर D) षणमुखन

74. ‘केरलीयों की हिंदी को देन’ के लेखक कौन हैं?
A) पी. लता B) )विश्वनाथ अय्यर एन. ई.
C) मलिक मुहम्मद D) जी. गोपीनाथन

75. ‘खिचड़ी विप्लव देखाहमने’ किसकीकविता है?
A) ओमप्रकाश वाल्मीकि B) नागार्जुन
C) मंगलेश डबराल D) निर्मला पुतुल

76. ‘अद्‌भुत अपूर्व स्वप्न’ किसका निबंध है?
A) भारतेंदु हरिश्चंद्र B) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
C) बालमुकुंद गुप्त D) श्यामसुंदर दास

77. “मगर महाजनी सभ्यता में सारे कामों की गरज महज पैसा होती है।” यह किसका कथन है?
A) बालकृष्ण भट्ट B) प्रेमचंद
C) सरदार पूर्णसिंह D) रामचंद्र शुक्ल

78. “कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ संबंधों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक सामान्य भावभूमि पर ले जाती है।” यह वाक्यरामचंद्र शुक्ल जी के किस निबंध से उद्धृत है?
A) तुलसी का भक्ति मार्ग B) काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था
C) कविता क्या है D) रसात्मक बोध के विविध आयाम

79. ‘मिश्रबंधु विनोद’ कितने खंडों में विभाजित है?
A) 3 B) 4 C) 2 D) 5

80. “प्रत्येक युग अपनी सामाजिक ऐतिहासिक स्थिति की अद्भुत आवश्यकता के अनुसार अपना साहित्य निर्माण किया करता है।” यह किसका कथन है–
A) मुक्तिबोध B) नलिन विलोचन शर्मा
C) रामविलास शर्मा D) नामवर सिंह

81. ग्रियर्सन के काल विभाजन के संबंध में निम्नलिखित विवरणों में कौन सा विवरण गलत है?
A) ग्रियर्सन के काल विभाजन में किसी सिद्धांत का सहारा नहीं लिया गया है।
B) ग्रियर्सन के काल विभाजन में कालक्रम की निरंतरता का अभाव है।
C) ग्रियर्सन के काल विभाजन में इतिहासबोध की कमी है।
D) ग्रियर्सन के काल विभाजन में काल की प्रवृत्तियों का व्यवस्थित विवेचन देखने को मिलता है।

82. ‘आधुनिकता पर पुनर्विचार’ किसका निबंध संग्रह है?
A) अजय तिवारी B) वैभव सिंह C) मधुरेश D) आशुतोष कुमार

83. ‘भ्रमर गीत’ के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा संगत निष्कर्ष नहीं हो सकता है?
A) भ्रमरगीत एक उपालंभ काव्य है।
B) इसमें आध्यात्मिक, दार्शनिक, सामाजिक पक्षों का समन्वय हुआ है।
C) इसमें भक्ति–प्रेम की तीव्रता का अनुभव पाठक कर सकता है।
D) यह सूरसागर का प्रक्षिप्त अंश है।

84. “सूरदास कालिदास की तरह मानवीय प्रेम और सौंदर्य के कवि हैं।” यह किसका कथन है?
A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी B) मैनेजर पांडेय
C) रामस्वरूप चतुर्वेदी D) प्रकाशचंद्र गुप्त

85. कालक्रमानुसार लिखिए?

A) हिंततरंगिणी, रसिक प्रिया, षड्ऋतु वर्णन, बरवै नायिका भेद
B) बरवै नायिका भेद, हिंततरंगिणी, रसिक प्रिया, षड्ऋतु वर्णन
C) हिंततरंगिणी, बरवै नायिका भेद, रसिक प्रिया, षड्ऋतु वर्णन
D) रसिक प्रिया, हिंततरंगिणी, बरवै नायिका भेद, षड्ऋतु वर्णन

86. "इंद्र जिमि जंभ पर, बाडव सुअम्ब पर
रावन सदंब पर रघुकुल राज है।" ये पंक्तियां किससे ली गई हैं?
A) शिवबावनी B) शिवराज भूषण
C) छत्रसाल दशक D) भाषाभूषण

87. भारतेंदु मंडल के लेखक थे–
A) प्रेमघन, बालकृष्ण भट्ट, प्रतापनारायण मिश्र, अंबिकादत्त व्यास B) प्रेमघन, श्यामसुंदरदास, प्रतापनारायण मिश्र, अंबिकादत्त व्यास
C) प्रेमघन, बालकृष्ण भट्ट, लाला भगवान दीन, अंबिकादत्त व्यास D) प्रेमघन, बालकृष्ण भट्ट, प्रतापनारायण मिश्र, पद्मसिंह शर्मा

88. भारतेंदु का मौलिक नाटक है–
A) विद्यासुंदर B) पाखंड विड़ंबन
C) धनंजय विजय D) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति

89. कालक्रमानुसार लिखिए?
A) दुखिनीबाला, हठी हम्मीर, मीराबाई, वेणु संहार
B) हठी हम्मीर, दुखिनीबाला, मीराबाई, वेणु संहार
C) दुखिनीबाला, हठी हम्मीर, वेणु संहार, मीराबाई
D) मीराबाई, दुखिनीबाला, हठी हम्मीर, वेणु संहार

90. 'ग्यारह वर्ष का समय' किसके द्वारा विरचित कहानी है?
A) किशोरीलाल B) रामचंद्र शुक्ल
C) मास्टर भागवानदास D) बंगमहिला

91. 'समालोचक' पत्रिका कहां से निकलती थी?
A) इलाहाबाद B) कोलकत्ता C) कानपुर D) जयपुर

92. जोड़े मिलाइए।
a. किसान 1. गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'
b. स्वदेशी कुंडल 2. रामनरेश त्रिपाठी
c. कृषक क्रंदन 3. रायदेवी प्रसाद 'पूर्ण'
d. स्वप्न 4. मैथिली शरण गुप्त

A) a-4, b-3, c-1, d-2 B) a-1, b-3, c-4, d-2
C) a-4, b-1, c-3, d-2 D) a-4, b-3, c-2, d-1

93. निम्नलिखित में से किसने सतसई नहीं लिखी है?
A) रामचरित उपाध्याय B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
C) जगन्नाथदास रत्नाकर D) वियोगी हरि

94. जोड़े मिलाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | टूटते परिवेश | 1. | लक्ष्मीनारायण लाल |
| b. | लहरों का राजहंस | 2. | लक्ष्मीनारायण मिश्र |
| c. | मिस्टर अभिमन्यु | 3. | विष्णु प्रभाकर |
| d. | राक्षस का मंदिर | 4. | मोहन राकेश |

A) a-4, b-3, c-1, d-2 B) a-1, b-3, c-4, d-2
C) a-4, b-2, c-3, d-1 D) a-3, b-4, c-1, d-2

95. 'हिंदी साहित्य का इतिहास दर्शन' किसकी रचना है?
A) शिवकुमार मिश्र B) रामविलास शर्मा
C) नलिन विलोचन शर्मा D) नामवर सिंह

96. राजभाषा संबंधी विशेष निर्देश भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में दिए गए हैं?
A) 343 B) 344 C) 351 D) 348

97. भारत सरकार का राजभाषा विभाग किस मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है?
A) रक्षा मंत्रालय B) गृह मंत्रालय C) विदेश मंत्रालय D) शिक्षा मंत्रालय

98. भारत के संसद द्वारा 'राजभाषा संकल्प' कब पारित किया गया है?
A) 1969 B) 1967 C) 1968 D) 1966

99. राजभाषा संबंधी सर्वोच्च समिति का नाम क्या है?
A) केंद्रीय हिंदी समिति
B) संसदीय राजभाषा समिति
C) राजभाषा कार्यान्वयन समिति
D) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

100. जोड़े मिलाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | संकल्प | 1. | Reimbursement |
| b. | क्षतिपूर्ति | 2. | Resolution |
| c. | अनुपालन | 3. | Head Quarters |
| d. | मुख्यालय | 4. | Compliance |

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-1, b-3, c-4, d-2
C) a-2, b-1, c-4, d-3 D) a-3, b-4, c-1, d-2

101. 'अर्ध संवृत' स्वर के उदाहरण लिखिए।
A) आ/औ B) ए/ओ C) ऐ, औ D) आ/ए

**102.** हिंदी में प्रयुक्त लुंठित व्यंजन है-

**A)** र **B)** य **C)** व **D)** ल

**103.** विवरण एकः 'प्रेम' शब्द भाववाचक संज्ञा है।
विवरण दोः 'पहाड़' शब्द का प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप में किया जा सकता है।

**A)** पहला विवरण सही है। **B)** दूसरा विवरण सही है।
**C)** दोनों विवरण सही हैं। **D)** दोनों कथन गलत हैं।

**104.** निम्नलिखित वाक्यों में कौन सा वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से ठीक है?

**A)** राष्ट्रपति से पुस्तक पढ़े जाते हैं।
**B)** राष्ट्रपति से पुस्तक पढ़ा जाता है।
**C)** राष्ट्रपति से पुस्तक पढ़ी जाती है।
**D)** राष्ट्रपति से पुस्तक पढ़ जाता है।

**105.** 'आरोहण' किसकी कहानी है?

**A)** नासिरा शर्मा **B)** संजीव
**C)** मार्कण्डेय **D)** फणीश्वरनाथ रेणु

**106.** 'हिंदी का गद्य साहित्य' किसकी रचना है?

**A)** कुसुम राय **B)** बच्चन सिंह **C)** रामचंद्र तिवारी **D)** नगेंद्र

**107.** मृदुला गर्ग के उपन्यासों को कालक्रमानुसार लिखिए?

**A)** मिलजुल मन, चितकोबरा, अनित्य, कठगुलाब,
**B)** कठगुलाब, चितकोबरा, अनित्य, मिलजुल मन
**C)** चितकोबरा, अनित्य, कठगुलाब, मिलजुल मन
**D)** मिलजुल मन, अनित्य, कठगुलाब, चितकोबरा

**108.** जोड़े मिलाइए।

| | | |
|---|---|---|
| a. | रास्तों पर भटकते हुए | 1. मेहरुन्निसा परवेज |
| b. | एक पत्नी के नोट्स | 2. मृणाल पांडे |
| c. | आंखों की दहलीज़ | 3. प्रभा खेतान |
| d. | आओ पेपे घर चलें | 4. ममता कालिया |

**A)** **a-2, b-3, c-4, d-1** **B)** **a-1, b-3, c-4, d-2**
**C)** **a-2, b-1, c-4, d-3** **D)** **a-2, b-4, c-1, d-3**

**109.** 'कामना' नाटक के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन सा कथन सही नहीं है-

**A)** यह अन्यापदेशिक नाटक नहीं है।
**B)** इसमें मनोविकारों का मानवीकरण किया गया है।
**C)** इसमें प्रकृति की पृष्ठभूमि में भावनाओं की अभिव्यक्ति हुई है। **D)**
इसमें कल्पनाशीलता एवं भावुकता का अपूर्व संगम है।

**110.** चूल्हा मिट्टी का/मिट्टी तालाब की
तालाब ठाकुर का/रोटी बाजरे की
बाजरा खेत का/खेत ठाकुर का।कविका कहना है कि

1. हमारे समाज में संपत्ति के केंद्रीकरण की प्रवृत्ति है।
2. हमारा समाज असंतुलित समाज है।

**A)** दोनों कथन सही हैं। **B)** पहला कथन सही है।
**C)** दोनों कथन गलत हैं। **D)** ऐसा निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

**111.** 'अनुभव के आकाश में चांद' किस विधा की रचना है?
**A)** काव्य **B)** नाटक **C)** निबंध **D)** उपन्यास

**112.** "हारा हूँ सौ बार/गुनाहों से लड़-लड़कर/लेकिन बारंबार खड़ा हूँ/मैं उठ-उठकर।"
कविता यहां-

1. अन्यायके खिलाफ लड़ने की उत्प्रेरणा देती है।
2. मानव के जीवन की संघर्षमयता को वाणी देती है।

**A)** दोनों निष्कर्ष सही हैं। **B)** दोनों निष्कर्ष गलत हैं।
**C)** पहला निष्कर्ष सही है। **D)** दूसरा निष्कर्ष सही है।

**113.** 'साठ वर्ष एक रेखांकन' किसकी जीवनी है?
**A)** गुलाबराय **B)** शांतिप्रिय द्विवेदी
**C)** सुमित्रानदंन पंत **D)** नगेंद्र

**114.** हिंदी के किस साहित्यकार को पहला 'सरस्वती सम्मान' प्राप्त हुआ है-
**A)** काशीनाथ सिंह **B)** गोविंद मिश्र
**C)** केदारनाथ सिंह **D)** हरिवंशराय बच्चन

**115.** केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त अनामिका की पुस्तक का नाम क्या है?
**A)** स्त्रीत्व का मानचित्र **B)** टोकरी में दिगंत-थेरी गाथाः 2014
**C)** पानी जो पत्थर पीता है **D)** अनुष्टुप

**116.** 'पीली छतरीवाली लड़की' किसकी कहानी है?
**A)** रामदरश मिश्र **B)** नासिरा शर्मा
**C)** चित्रा मुदगल **D)** उदय प्रकाश

**117.** 'यीशू की कीलें' किसकी कहानी है?
**A)** कमल कुमार **B)** किरण सिंह
**C)** उषा प्रियंवदा **D)** सूर्यबाला

**118.** 'ढाबा' किसकी कविता है?
**A)** सविता सिंह **B)** इंदु जैन
**C)** नीलेश रघुवंशी **D)** रेखा मैत्र

**119.** 'आदिवासी स्वर और नई शताब्दी' शीर्षक किताब का संपादन किसने किया?

A) अनुज लुगुन B) हरिराम मीणा
C) रमणिका गुप्ता D) महादेव टोपो

**120.** ए.बी.सी.डी किसका उपन्यास है?
A) रवींद्रकालिया B) राकेश कुमार
C) रणेंद्र D) भगवानदास मोरवल

*********************